# 50 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी की शिकायत पर एडी स्वास्थ्य ने किया निरीक्षण

बांसी (सिद्धार्थनगर)। नगर क्षेत्र में स्थित 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय को लेकर की गई शिकायत को शासन स्तर पर संज्ञान में लिए जाने के बाद बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई। अपर निदेशक स्वास्थ्य, बस्ती मण्डल डा. नीरज कुमार पाण्डेय ने अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, विभिन्न वार्डों, पैथोलॉजी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, इमरजेंसी और प्रसव कक्ष सहित अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडी स्वास्थ्य ने ओपीडी में चिकित्सकों से मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत कर उपचार और अस्पताल की सुविधाओं के संबंध में उनका फीडबैक भी लिया। दवा वितरण कक्ष में स्टॉक रजिस्टर की जांच करते हुए चीफ फार्मासिस्ट रत्नशंकर चौधरी से दवाओं की उपलब्धता, भंडारण और वितरण व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त किया।इसके

**◆शिकायतकर्ता के साथ सीएमओ और सीएमएस की मौजूदगी में हुई बैठक**

बाद अस्पताल के सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय कुमार दोहरे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. उजैर अतहर और मुख्य शिकायतकर्ता प्रभास्कर राय के साथ बैठक हुई। इसमें शिकायतकर्ता की ओर से शासन को भेजे गए शिकायती पत्र में उठाए गए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एडी स्वास्थ्य डा. नीरज कुमार पाण्डेय ने शिकायतकर्ता को आश्वस्त किया कि पूरे प्रकरण की निष्पक्षता से जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से भी जानकारी ली।निरीक्षण के समय ओपीडी में डा. आरके सिंह, डा .संजय शर्मा, डा. मनोज कुमार चौधरी, डा. अफरोज नैयर, डा.निधि पांडेय, डा. नूपुर श्रीवास्तव, डा. रक्सा मुमताज मरीजों का उपचार करते मिले। दवा वितरण कक्ष में फार्मासिस्ट राजेंद्र चौधरी, ऑपरेशन थिएटर में डा. ध्रुवचंद चौधरी अपनी टीम के साथ तथा रेडियोलॉजिस्ट लक्ष्मी नारायण सिंह, टीम के साथ मौजूद रहीं। और कंचन यादव सहित पैथोलॉजी विभाग में के के पाण्डेय, प्रदीप मिश्र,



प्रसव कक्ष में किरण पांडेय अपनी एक्स-रे टेक्नीशियन मनोज मिश्र भानु प्रताप, प्रियंका और राजेश बाबू समेत अन्य कर्मचारी भी उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आरओ पेयजल की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा हुई। एडी स्वास्थ्य ने निर्देश दिया कि जहां-जहां पेयजल की व्यवस्था है, वहां स्पष्ट रूप से स्टीकर लगाकर स्थान की जानकारी प्रदर्शित की जाए, ताकि मरीजों और तीमारदारों को पानी के लिए भटकना न पड़े। वहीं, जनरेटर संचालन के लिए डीजल की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठा। इस समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तलाशने की बात सामने आई। एडी स्वास्थ्य के औचक निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों में हलचल बढ़ गई है। अब शिकायतों की जांच में सामने आने वाले तथ्यों और उसके आधार पर होने वाली कार्रवाई पर लोगों की निगाहें टिकी हैं।

## एनडीपीएस एक्ट के तहत मुंबई क्राइम ब्रांच ने दो मेडिकल स्टोर संचालकों को उठाया

इटवा (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय कस्बे में मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस ने इटवा पुलिस के सहयोग से दो मेडिकल स्टोर संचालकों को एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई में नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त से जुड़े एक मामले की जांच के दौरान इटवा के दो मेडिकल स्टोर संचालकों की भूमिका सामने आने की बात कही जा रही है। आरोप के आधार पर मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की। मामले में दोनों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।

# छठ महापर्व की तैयारियों का लिया जायजा

सिद्धार्थनगर न्यूज। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर स्थित जमुआर दौरान साफ-सफाई, प्रकाश, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को शिवशरणप्पा ,क्षेत्राधिकारी नौगढ़, विश्वजीत सौरयान, , अधिशासी



घाट पर आगामी छठ महापर्व की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अधिकारी अजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पारंपरिक रूप से मनाया गया श्री चित्रगुप्त पूजन

बासी (सिद्धार्थनगर)। नरकटहा मैं विजय बाबू के आवास पर चित्रगुप्त पूजन कलम दवात का पूजा संपन्न हुआ जिसमें मुख्य जजमान के रूप में पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू और पुरोहित की भूमिका में विजय बाबू खुद उपस्थित रहे बहुत ही पारंपरिक तरीके से भगवान श्री चित्रगुप्त को पुष्प वर्षा फूल की माला और दीप प्रचलित करके उनका पूजन अर्जन किया गया और अपने देश इष्ट देव को याद किया गया जिसमें मुख्य कायस्थ परिवार के रूप में राजेश श्रीवास्तव शिवकुमार लाल श्रीवास्तव बृजेश श्रीवास्तव अंबेडकर श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव प्रेम प्रकाश लाल श्रीवास्तव अभिषेक श्रीवास्तव शक्ति श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव धर्मेंद्र श्रीवास्तव राजन श्रीवास्तव प्रमोद श्रीवास्तव अनूप श्रीवास्तव सुशील सागर श्रीवास्तव मोहित श्रीवास्तव आदि के साथ उपस्थिति इस बार युवा वर्ग में अधिक संख्या देखने को मिली जिसको वरिष्ठ जनों ने भूरि भूरि प्रशंसा की और आगे आकर बसी का नेतृत्व संभालने की अपेक्षा की और वरिष्ठ जनों ने अपने आप को संरक्षक के रूप में अपना योगदान देने को कहा।

# मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक

इटवा (सिद्धार्थनगर)। मिशन शक्ति फेज 6.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम ने थानाक्षेत्र के फातिमा इंटर कॉलेज में बालिकाओं, बच्चों को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध में जागरुक किया।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत 12 नवम्बर 2026 को प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। फातिमा इंटर कॉलेज के बालिकाओं, बच्चों को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध में जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबरों 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम में उ0नि0 राजेंद्र कुमार शाही, आ0रोहित यादव, आ0नितिन यादव, म0आ0 साधना यादव, म0आ0 रविता यादव की मौजूदगी रही।

# रास्ती तट पर धूमधाम से किया गया लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन

बांसी(सिद्धार्थनगर)। गोल्हौरा क्षेत्र में दीपावली के पावन पर्व के समापन और कार्तिक पूर्णिमा के उल्लास के बीच बुधवार को जनपद के प्रसिद्ध रास्ती तट गोठवा घाट पर मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन धार्मिक उल्लास व विधि-विधान के साथ किया गया। इस दौरान क्षेत्र के तमाम गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने नम आंखों और जयकारों के साथ मां लक्ष्मी को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आने की कामना की।मंत्रोच्चार और पारंपरिक अनुष्ठान के साथ विसर्जनबुधवार की सायं 2 बजे से ही गोठवा घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। लोगों ने अपने घरों और पूजा पंडालों में स्थापित मां लक्ष्मी की मूर्तियों को गाजे-बाजे और पारंपरिक लोकगीतों के साथ रास्ती नदी के तट पर पहुंचाया। घाट पर पुरोहित राकेश त्रिपाठी के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के



बीच विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात मां लक्ष्मी के जयकारों के साथ प्रतिमाओं को रास्ती नदी की पवित्र धारा में विसर्जित किया गया।सुरक्षा के कड़े इंतजाम ने रास्ती तट पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए गोठवा घाट पर पुलिस बल तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके पुलिस गहरे पानी में जाने को लेकर श्रद्धालुओं को सतर्क किया।मेले जैसा रहा माहौलगोठवा घाट व टेढ़ीया घाट पर विसर्जन के अवसर पर मेले जैसा माहौल देखने को मिला। नदी तट के आसपास सजी दुकानों पर बच्चों और श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की। मिष्ठान, खिलौने और पूजन सामग्रियों की दुकानों पर खरीदारों की खासी भीड़ जुटी रही। इस दौरान हर आयु वर्ग के लोगों में विशेष उत्साह नजर आया।विसर्जन कार्यक्रम के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर स्थानीय प्रशासन और आयोजकों ने राहत की सांस ली है।

# सड़क पर गिरने से युवक की मौत बुजुर्ग से मारपीट व जातिसूचक गाली पर मुकदमा दर्ज

बांसी(सिद्धार्थनगर)। स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत के श्याम नगर मोहल्ला निवासी प्रसिद्ध खजला व्यवसाई हरीश कुमार उर्फ रामू माँझी के पुत्र दीपक ( 23 ) वर्ष जो मोहल्ले के लड़कों के साथ लक्ष्मी व गणेश जी की प्रतिमा स्थापना करने के लिए लेने गया था। प्रतिमा लेकर वापस आते समय 6/7 नवम्बर को रास्ती नदी पर बने पुराने पुल के पास अचानक से सिर के बल गिर गया। जिससे उसके सिर के पिछले हिस्से में गम्भीर चोट लग गई। उसके साथ मौजूद लोगों ने तत्काल दीपक के घर सूचना देते उसे 50 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी ले गए , जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों जिला चिकित्सालय के लिए भेज दिया। जिला चिकित्सालय में भी इलाज के दौरान स्थिति नियंत्रण में न होने के कारण उसको गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। दीपक को जिला अस्पताल से लेकर निकले ही थे कि उसकी मौत हो गई, इसके बाद परिजन और साथ में मौजूद लोग मृतक दीपक को घर ले आए।

सुबह तक इसकी सूचना फैलते ही शोक व्यक्त करने के लिए लोग उसके घर पहुंचने लगे। पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मो इद्रीस राईनी पटवारी, पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, युवा भाजपा नेता अमय पाण्डेय, विष्णु जायसवाल, सभासद रवि अग्रहरि, पूर्व सभासद संजय रावत, सोनू वर्मा, माधव प्रसाद अग्रहरि , सन्नी जायसवाल, महेश वर्मा, अमर अग्रहरि, विशाल वर्मा, महेश मांझी, अंगद वर्मा, हिमांशु, सुरेन्द्र मांझी और प्रियांशु आदि सहित तमाम लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना किया व परिवार को इस संकट की घड़ी में ढाढ़स एवं साहस बनाए रखने के लिए कहा।

# 18 नवंबर से होगा श्रीराम कथा अमृत महोत्सव, सात दिनों तक बहेगी भक्ति की रसधार

संतकबीरनगर। जनपद के खलीलाबाद में धर्म और अध्यात्म की अलख जगाने के उद्देश्य से 18 नवंबर से 24 नवंबर 2026 तक भव्य श्रीराम कथा अमृत महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन अखिल भारतीय श्रीराम-नाम जागरण मंच एवं जनमत सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा।आयोजित श्रीराम कथा में परम पूज्य स्वामी विष्णु दास महाराज अपने श्रीमुख से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र, आदर्शों और मर्यादा का रसपान कराएंगे। कथा का आयोजन जूनियर हाईस्कूल (डायट ऑफिस) मैदान, खलीलाबाद में किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।कार्यक्रम के मुख्य यजमान स्वयं श्री हनुमान जी महाराज होंगे, जबकि आयोजन के निर्देशक श्रीराम परिवार मित्र मंडली, खलीलाबाद हैं। कार्यक्रम के आयोजक अभिलाष भट्ट ने जनपदवासियों एवं समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीराम कथा का श्रवण करने और धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं।

# दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा को लेकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

सेमरियावां, संतकबीरनगर। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को बीआरसी सेमरियावां पर पांच दिवसीय ब्लॉक स्तरीय सामान्य शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में 80 सहायक अध्यापक प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम का समापन 16 नवंबर को होगा।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों की जरूरतों, उनकी शैक्षिक चुनौतियों तथा समावेशी शिक्षा की अवधारणा से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही दिव्यांग बच्चों के लिए अनुकूल शिक्षण पद्धतियों, पाठ्यक्रम में आवश्यक बदलाव, शिक्षण में तकनीकी एवं आईसीटी के प्रयोग, भाषा शिक्षण की सुगमता तथा सहायक शिक्षण सामग्री के उपयोग की जानकारी दी जा रही है।

इसी क्रम में डायट प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह ने बीआरसी सेमरियावां पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण की गतिविधियों का अवलोकन करते हुए शिक्षकों से प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं विषयवस्तु की जानकारी ली। साथ ही दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं समान अवसर वाली शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया।

प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार, प्रेम शंकर एवं अमित कुमार द्वारा शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों और उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को इस योग्य बनाना है कि वे सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों को भी समान अवसर देते हुए उनकी क्षमताओं के अनुरूप शिक्षा प्रदान कर सकें।

यह प्रशिक्षण बीएसए अमित कुमार सिंह, डायट प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रजनीश वैद्य तथा खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों की क्षमता संवर्धित कर विद्यालयों में समावेशी शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित न रहे।

# जाम के झाम से जूझता सेमरियावां बाजार तिराहा

संतकबीर नगर ! सेमरियावां बाजार तिराहा जाम के झाम से जूझने पर है मजबूर !एच एन 28 बीएम सिटी मार्ग पर यात्री, वाहन चालकों, राहगीगों ,स्कूली बच्चों, व्यापारियों आदि को उठानी पड़ रही है ढेर सारी दिक्कतें!

जाम की मुख्य समस्या अगल-बगल पटरी दुकानदारों तथा वाहनों के बेतरतीब स्टैंडिंग की वजह से खासतौर से विगरा की ओर से जाने और आने वाले छोटे बड़े वाहनों के कारण प्रत्येक दिन सैकड़ों गाड़ियों का जाम के झाम से जूझने पर मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे स्कूली बच्चों, राहगीरों, वाहन चालको, यात्रियों आदि को समय गवान पर आए मजबूर हैं,उक्त समस्या का समाधान कैसे हो इस पर जिम्मेदार विभाग मौन धारण किए हुए हैं, और तो और बस्ती से मेंहदावल बीएम सिटी मार्ग पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुका है, और धूल फांकती उक्त सड़क से होकर आने-जाने में उक्तों को



समस्या झेलने पर मजबूर होना पड़ रहा है, स्थानीय निवासियों, यात्रियों, वाहन चालको, व्यापारियों आदि द्वारा माननीय जिम्मेदारों का ध्यान उक्त समस्या के समाधान हेतु तत्काल सड़क यातायात तथा सड़क मार्ग का नव निर्माण एंव शुद्धिकरण कराए जाने की मांग पुरजोर तौर उठाते हुए लोग नजर आ रहे हैं !

# आशीर्वाद होटल एवं रेस्टोरेंट का शुभारंभ

संतकबीरनगर। जिले में खान-पान और बेहतर आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में एक नया नाम जुड़ गया। 'आशीर्वाद होटल एवं रेस्टोरेंट' का भव्य शुभारंभ उत्साह, उल्लास और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में जिले की कई जानी-मानी हस्तियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी।

समारोह में सूर्या ग्रुप के निदेशक एवं जिले के चर्चित समाजसेवी डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक बलिराम यादव विशेष रूप से पहुंचे। प्रतिष्ठान पर पहुंचने पर होटल एवं रेस्टोरेंट के संचालक सतीश सिंह ने दोनों अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी और बलिराम यादव ने प्रतिष्ठान के संचालक सतीश सिंह को नई शुरुआत के लिए बधाई देते हुए कहा कि किसी भी व्यवसाय की सफलता के पीछे बेहतर सोच, मेहनत और ग्राहकों के प्रति समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 'आशीर्वाद होटल एवं रेस्टोरेंट' अपने बेहतर खान-पान और अतिथि सत्कार के माध्यम से क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा।

वहीं, संचालक सतीश सिंह ने समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिष्ठान के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने और उनके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने भी प्रतिष्ठान की सफलता की कामना की। नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ से जिले के व्यावसायिक क्षेत्र में एक और नई शुरुआत देखने को मिली।

## तरकुलवा विवाद में प्रशासन का बड़ा एक्शन, 25 लोगों को नोटिस

संत कबीर नगर। बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम तरकुलवा में दीपावली पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना और विसर्जन को लेकर विवाद की आशंका पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम खलीलाबाद ने 25 लोगों को नोटिस जारी किया है। सभी को 10-10 लाख रुपये के व्यक्तिगत मुचलके और दो प्रतिभूतियां प्रस्तुत करने की कार्रवाई के तहत न्यायालय में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया। प्रशासन का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। नोटिस जारी होना किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना नहीं है।

# दो पक्षों में मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

संतकबीरनगर। जिले में मारपीट और दबंगई का एक मामला सामने आया है। दुधारा थाना क्षेत्र के राजापुर सरैया निवासी शंभू पुत्र शिवराज ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र के मुताबिक, घटना 7 नवंबर 2026 की सुबह करीब आठ बजे की बताई जा रही है,शंभू अपने मित्र सनी के साथ मोटरसाइकिल में तेल भरवाने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में 5-7 अज्ञात लोगों ने मिलकर उन्हें घेर लिया।पीड़ित का आरोप है कि पहले तो उनके साथ गाली-गलौज की हुई फिर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से दोनों पर जानलेवा हमला किया गया हमले में दोनों को गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोगों के बीच-बचाव किया और सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।पीड़ित ने पूरी घटना की वीडियो होने का दावा किया है जो सोसल मीडिया में वायरल हो रही आरोप है कि घटना के संबंध में परिजनों की ओर से कांटे स्थित पुलिस चौकी पर शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई जिससे पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।इस मामले पर पुलिस अधीक्षक ने बताया है की मामले की निष्पक्ष जांच के लिए थाना कोतवाली को आदेशित किया गया है जिसपर प्रभारी कार्यावाही प्रचलित हैं।

## सोनहा पुलिस ने मारपीट के मामले में 5 लोगों को किया गिरफ्तार

बस्ती। जिले के सोनहा थाना क्षेत्र में अलग-अलग गांवों में विवाद की आशंका को देखते हुए पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर संबंधित न्यायालय भेज दिया।पुलिस के अनुसार, ग्राम जाता करमा में मछली मारने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। वहीं ग्राम भगवानपुर में शादी तय करने तथा ग्राम दरियापुर खास और परसा खुर्द में रास्ते पर कैमरा लगाने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।मामलों में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका पर सोनहा पुलिस ने मोहन लाल, मुरलीधर, अंकित, रामजी विश्वकर्मा और अनिल निषाद को हिरासत में लिया। इसके बाद सभी को उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, भानपुर भेज दिया गया।